Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

an>

Title: Need to compensate farmers at market rate whose land has been acquired for Gosaekhurd Project in Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर): महोदय, महाराट्र के गोसेखुर्द प्रकल्प का सन् 1980 में भूमि पूजन हुआ। जब युती की सरकार आई तो 600 करोड़ रुपए देकर उस प्रकल्प को प्रारम्भ कियागया, मगर महाराट्र सरकार पूर्णतया दुर्लक्ष कर रही है। केवल कैनाल खोद कर लोगों की आंखों में धूल झाकें रही है। 2005-06 और 2006-07 की अनुदान राशि केन्द्र सरकार ने अभी तक महाराट्र सरकार को नहीं दी, क्योंकि महाराट्र सरकार ने उसका पिछला हिसाब नहीं भेजा। इसलिए केन्द्र सरकार से आग्रह है कि गोसेखुर्द प्र ाकल्प को केन्द्रीय प्रकल्प का दर्जा देकर उसे संपूर्ण राशि देकर आगामी तीन वर्ों में प्रकल्प को पूर्ण करें।

महोदय, इस प्रकल्प के लिए भंडारा, चन्द्रपुर, इन जिलों के किसानों की जमीनों की खरीदी-बिक्री के व्यवहार और रजिस्ट्री बंद की गई है और अब महाराट्र सरकार किसानों की जमीनें एक्वायर कर रही है। उस जमीन का मुआवजा केवल 30 से 35 हजार रुपए किसानों को दिया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में किसानों में भारी असंतोा फैला हुआ है। किसानों को जमीन से बेदखल करके सरकार उन्हें आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर रही है। केन्द्र सरकार से आग्रह है कि गोसेखुर्द प्रकल्प के लिए प्र ाति वर्ा 1500 करोड़ रुपए दे और किसानों को कम से कम तीन लाख रुपए, जो मार्केट में अभी भाव है, उस प्रकार से प्रति एकड़ दिया जाए। इस संबंध में केन्द्र सरकार अविलम्ब कार्यवाही करे।